Title: Need to provide financial assistance to Government of Jharkhand to check the spread of malaria in Palamu Commissionary.

श्री ब्रजमोहन राम (पलामू) : उपाध्यक्ष महोदय, झारखंड प्रदेश में पलामू कमिशनरी के अन्तर्गत तीन जिले हैं - पलामू, गढ़वा और लातेहार। वहां के तीनों जिले मलेरिया से बुरी तरह प्रभावित हैं। मलेरिया से सैकड़ों लोग प्रतिवर्ष मर जाते हैं। खून जांच की सुविधा सिर्फ जिला मुख्यालय तक सीमित है जोकि हरेक प्रखंड में होना चाहिए। डी.डी.टी एवं अन्य मलेरिया निरोधक दवा का छिड़काव नहीं किया जा रहा है जिस छिड़काव की अत्यन्त ही आवश्यकता है। मलेरिया से अधिकांश मृत्यु ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं जो कि अनुसूचित जाति एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। अतः केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि एक केन्द्रीय टीम वहां भेजी जाए जो स्थिति का आकलन करे एवं राज्य सरकार को पर्याप्त सहायता उपलब्ध करायी जाए तथा मृतकों के आश्रितों को आर्थिक मुआवजा भी दिया जाए।